तापमान

34.8° अधिकतम | 26.3° न्यूनतम

सूर्योदय 5:33 सुबह
सूर्यास्त 7:04 शाम

आज का पूर्वानुमान
धूप निकलेगी। हल्के बादल छाएंगे। बूंदाबांदी के आसार हैं।

स्थानीय समयानुसार

आज के कार्यक्रम

विविध

शिविर : सौदागरान स्थित दरगाह वाला हजरत पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर अपराह्न 2 बजे से।

गोष्ठी : बरेली फिजिशियन सोसिएशन की ओर से हृदय रोग पर गोष्ठी पीलीभीत बाइपास स्थित होटल जसा डिवाइन में रात 9 बजे से।

धर्म-कर्म

जुलूस : जुलूस-ए-गिलाफ मखदूम शिर आजमनगर में अपराह्न 3:30 जे।

चालीसा : अखिल भारतीय श्री शुतोष प्रदोष महामंडल की ओर से लीसा अधिवेशन की शुरुआत गहाई में शाम 6:15 बजे से।

चालीहा : सिंधुनगर स्थित श्री लेलाल मंदिर में श्री बुलेलाल लीहा शाम 7 बजे से।

जुलूस : चिड़ीमार कुआं स्थित नामबाड़ा अमीर हैदर से जुलूस-ए-लम रात 8:30 बजे से।

आपकी आवाज
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
bri-cityreporter@hbf.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
7618100199

सराफा भाव

सोना	चांदी
41,000 रुपये प्रति 10 ग्राम	2,19,500 रुपये प्रति किलो

रहने-खाने की व्यवस्था...ढाई लाख कांवड़ियों पर होगी गुलाब की वर्षा

जिला प्रशासन की तरफ से शिवभक्तों के लिए किए जा रहे विशेष इंतजाम

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। जिला प्रशासन की तरफ से प्रत्येक तहसील की सीमा पर कांवड़ियों के लिए शिविर तैयार किए जा रहे हैं। इनमें करीब 2.50 लाख श्रद्धालुओं के खाने व ठहरने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही, कांवड़ियों पर गुलाब वर्षा की जाएगी। रात होने पर सोने की व्यवस्था भी की जाएगी।

सावन में शहर के सात नाथ मंदिरों (त्रिवटीनाथ, अलखनाथ, धोपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, वनखंडीनाथ, तपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ) पर सर्वाधिक भीड़ रहती है। जिले के 499 शिव मंदिरों में जलाभिषेक होता है। कांवड़ लेकर 3727 जत्थे कछला गंगा घाट से, 41 गढ़ मुक्तेश्वर, 570 हरिद्वार व 19 जत्थे अन्य स्थानों से जल लेकर आएंगे।

बहेड़ी तहसील में उत्तराखंड की सीमा पर, आंवला में पुट्टी, सदर तहसील में भमौरा मार्ग पर, फरीदपुर, मीरगंज व नवाबगंज में

आंवला तहसील में कांवड़ियों के लिए लगाया जा रहा टेंट। भोत : प्रशासन

शिविर (वॉटर प्रूफ टेंट) लगाए जा रहे हैं। यहां कांवड़ियों के खाने (पूड़ी, सब्जी, हलवा), ठहरने व सोने की व्यवस्था रहेगी। नगर निकायों व ब्लॉकों को भी शिविर लगाकर शरबत आदि की व्यवस्था करनी होगी।

इन शिविरों में खाने-पीने की व्यवस्था शनिवार, रविवार, सोमवार को रहेगी। यहां से निकलने वाले कांवड़ियों पर गुलाब के फूलों की वर्षा की जाएगी। इन शिविरों का उद्घाटन दो अगस्त को किया जाएगा। कांवड़ यात्रा की निगरानी के लिए प्रशासन की तरफ से सात सुपर जोन, शानावार जोन,

कांवड़ मार्ग पर स्थित 71 रेस्टोरेंट व मीट-मछली की दुकानें एक माह तक बंद : बरेली। कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घ का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन ने कांवड़ मार्गों के किनारे स्थित 71 नॉनवेज रेस्तरां, मीट और मछली की दुकानों को एक माह तक बंद रखने का आदेश दिया है।

विभाग की तरफ से दो दिनों में व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय राहुल सिंह ने बताया कि कांवड़ के 10 मार्गों पर 71 दुकानें चिह्नित की गई हैं। ब्यूरो

सेल्फी प्वाइंट से देंगे स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बरेली। इस बार 15 लाख कांवड़ियों के शहर में आने की संभावना है। इस बार भोले के भक्त हर-हर महादेव के जयकारों के साथ स्वच्छता का संदेश भी देंगे। नगर निगम इस बार शहर के प्रसिद्ध सात नाथ मंदिरों के बाहर कांवड़ियों के लिए विशेष सेल्फी प्वाइंट बनाने जा रहा है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को आस्था और स्वच्छता का अनूठा अनुभव प्रदान करना है।

एक्सईएन राजीव राठी ने बताया कि नगर निगम की ओर से शहर के सात नाथ मंदिरों के बाहर इन सेल्फी प्वाइंट का निर्माण किया जाएगा। इन स्थानों पर भगवान शिव को जल चढ़ाने के बाद कांवड़िये अपनी तस्वीरें ले सकेंगे, जो उनकी यात्रा के पलों को यादगार बनाएंगी।

यहां लगाए जाने वाले डिस्प्ले और बोर्ड पर भी हूं नगर निगम बरेली का स्वच्छ कांवड़िया, स्वच्छ बरेली-स्वस्थ बरेली, जलस्रोतों को स्वच्छ रखें और स्वच्छ शिवालय-स्वच्छ बरेली जैसे प्रेरक वाक्य लिखे होंगे। संवाद

प्रत्येक तहसील में शिविर लगाकर कांवड़ियों के लिए खाने-पीने व ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। शिवभक्तों पर व्यवस्था तीन दिनों तक (शनिवार से सोमवार तक) रहेगी। - **पूर्णिमा सिंह,** अपर जिलाधिकारी प्रशासन

उसके नीचे किलोमीटर के हिसाब से सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं।

बरेली की खबरों से सतत जुड़े रहने के लिए ये कोड स्कैन करें।

पूजन सामग्री और मेवों के बढ़े दाम

बरेली। सावन में पूजन सामग्री और मेवों की मांग बढ़ गई है। इसका असर कीमतों पर भी दिख रहा है। व्रत में इस्तेमाल होने वाले साबूदाना, मूंगफली दाना और कुट्टू के आटे की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।

श्यामगंज के व्यापारियों का कहना है कि इस बार थोक बाजार में बढ़ी लागत का असर खुदरा कीमतों पर दिखाई दे रहा है। ग्राहकों का कहना है कि महंगाई का बोझ जेब पर जरूर पड़ रहा है, लेकिन खरीदारी तो की ही जाएगी। संवाद

वस्तु	कीमत (पहले)	कीमत (अब)
इलायची	3,200	4,400
लौंग	750	800
किशमिश	300	450
चिरौंजी	1,400	1,800
काजू	800	850
बादाम	850	950
साबूदाना	55	70
मूंगफली दाना	100	140
कुट्टू का आटा	120	130

नोट : कीमतें रुपये प्रति किलो में श्यामगंज मंडी के अनुसार।

- हर बार सावन में व्रत रखता हूं। इस बार महंगाई है, लेकिन साल में एक बार सिर्फ भक्ति का पर्व आता है तो जरूरी खरीदारी की जाएगी। - **सुमित,** शांति विहार
- हर साल परिवार के साथ व्रत रखते हैं। इस बार मेवे और पूजन सामग्री के दाम बढ़ गए हैं, लेकिन पूजा करनी है तो खरीदना पड़ेगा। - **शिवम गुप्ता,** कटघर

सजे शिवालय, आज से गूंजेगा बम-बम

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। शहर के प्रसिद्ध नाथ मंदिर सजकर तैयार हैं। रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजे इन मंदिरों में बृहस्पतिवार से शिवभक्त बम-बम, हर-हर उद्घोष के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

किला स्थित ऐतिहासिक अलखनाथ मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। यहां सावन में सबसे अधिक संख्या में श्रद्धालु जल चढ़ाने पहुंचते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर में दोनों तरफ बैरिकेडिंग की गई है।

वनखंडीनाथ, त्रिवटीनाथ और धोपेश्वरनाथ मंदिरों को भी सजाया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार से कछला, हरिद्वार और अन्य पवित्र स्थलों के लिए कांवड़ियों के जत्थे रवाना होने शुरू हो जाएंगे।

सावन के सोमवार : 3, 10, 17 व 24 अगस्त

अलखनाथ मंदिर में की गई सजावट। संवाद

आयुष्मान योग में सावन आज से, बरसेगी महादेव की कृ

बरेली। सावन बृहस्पतिवार से शुरू होगा। यह पूरा महीना भगवान शिव और देवी पार्वती की साधना और जलाभिषेक के लिए समर्पित होता है। पंडित मुकेश मिश्रा बताया कि इस बार सावन में आयुष्मान योग बन रहा है, जिससे शिव आराधना क फल कई गुना बढ़ जाएगा। भगवान भोलेनाथ की आराधना का यह महापर्व 28 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ संपन्न होगा। सावन में ही समुद्र मंथन किया गया था इससे निकले हलाहल की ज्वाला से सृष्टि को बचाने के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया था। विष के ताप को शांत करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन पर जल अर्पित किया था। तभी से सावन में शिवलिंग पर जल और बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। संवाद

दो दिन में सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य

बरेली। सावन माह में कांवड़ यात्रा और उर्स को देखते हुए नगर निगम शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त करने की कवायद में जुट गया है। 31 जुलाई तक सभी सड़कों के गड्ढों को भरने का लक्ष्य है। इसके लिए अवर अभियंताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों की तत्काल मरम्मत और सीएनडी (निर्माण एवं विध्वंस) मलबे के निस्तारण का अभियान शुरू किया गया है। अवर अभियंताओं से 31 जुलाई तक काम कराने के साथ ही इसकी रिपोर्ट भेजने के लिए भी कहा गया है।

वनखंडीनाथ मंदिर की निचली लिंक गली की मरम्मत और तपेश्वरनाथ मंदिर से मढ़ीनाथ मंदिर के बीच जगह-जगह बने गड्ढों व

सावन और उर्स को देखते हुए कवायद में जुटा नगर निगम

प्रेमनगर धर्मकांटा की ओर जाने वाली सड़क उखड़ी। संवाद

क्षतिग्रस्त पुलिया को तुरंत ठीक कराने को कहा है। इसके अलावा कब्रिस्तान से चक महमूद जाने वाले खस्ताहाल रास्ते पर काम कराने के साथ ही जोगीनवाबा दरसवां घर के पास पड़े मलबे को हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

तीन सौ बेड अस्पताल, विकास भवन, ईद पजामा और सीआई पार्क वाली सड़क पर भी पैचवर्क कराया जाएगा। श्यामगंज से मठ चौकी होते हुए सिकलगार व पटेल चौक से वापस श्यामगंज त और गंगापुर से श्यामगंज मार्ग सभी गड्ढों को भरने के लिए कहा है। सीबीगंज में आईटीआ फैक्टरी के पास जलकल विभ की ओर से खोदे गए गड्ढ की मरम्मत भी समय से पू की जाएगी। संवाद

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Government Of India Undertaking) Where service is a way of life

ई-नीलामी बिक्री सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय: बरेली, 97/2, तुलाशेरपुर, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली, उ.प्र. 243122, ई-मेल- ro.bareilly@psb.bank.in

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 8 (6) के प्रावधान के तहत यही गई। ["परिशिष्ट IV-A"]

ई-नीलामी तिथि व समय : 29.08.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक | **ईएमडी दाखाखेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय : 27.08.2026 शाम 05 बजे तक** | **संपत्ति निरीक्षण तिथि व समय : 27.08.2026 प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और जमानती (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक / भौतिक कब्जा पंजाब एंड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता द्वारा लिया जाया है. उक्त संपत्ति की बिक्री से बैंक के बकाया की वसूली के लिए 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट "https://baanknet.com/" पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

लॉट सं.	शाखा/ऋणी/गारंटर का नाम	सम्पत्ति एवं स्वामी का विवरण	डिमांड सूचना तिथि / मांग पत्र 13(2) में अंकित राशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / बृद्धि राशि
1.	शाखा: जनकपुरी। 1. श्री पुलू लाल शर्मा पुत्र श्री राम कुमार शर्मा, निवासी ग्राम सहोरा खुर्द, फरीदपुर, बरेली, उत्तर प्रदेश ..... (उधारकर्ता) 2. श्री दिनेश कुमार शर्मा पुत्र श्री पुलू लाल शर्मा, निवासी ग्राम सहोरा खुर्द, फरीदपुर, बरेली, यूपी ..... (गारंटर/ बंधककर्ता)।	अचल आवासीय सम्पत्ति जिसका क्षेत्रफल 167.22 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 1018, 1019, 1020 और 1022, जो नेकपुर (सुभाष नगर) लाइन पार (बदायूं रोड के पूर्व और रेलवे लाइन के पश्चिम, बीच में), परगना, तहसील और जिला – बरेली, यूपी में स्थित है। यह संपत्ति श्री दिनेश कुमार शर्मा पुत्र श्री पुलू लाल शर्मा के नाम पर स्थित है। जिसका विवरण 07.09.2011 की सेल डीड बही नंबर 1, जिल्द नंबर 4771, पेज 397 से 424, सीरियल नंबर 9934 में दर्ज है, जिसे सब–रजिस्ट्रार बरेली के कार्यालय में पंजीकृत किया गया था। चौहद्दी: उत्तरः नीता का प्लॉट, पश्चिमः पुलू लाल का प्लॉट, पूर्वः 13 फीट चौड़ा रास्ता और उसके बाद गुल्लू का घर, दक्षिणः श्री लोटा राम का प्लॉट।	18.01.2017 रू. 3,83,249.00/– + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी।	रू. 12,47,000/– रू. 1,24,700/– रू. 13,000/–
2.	शाखा: जनकपुरी। 1. मैसर्स एकता ब्यूटी स्टोर, प्रोप श्रीमती कोमल मल्होत्रा पत्नी छत्रपाल मल्होत्रा, पता सी–18, गुलमोहर पार्क, राजेंद्र नगर, बरेली, यूपी 243005 (उधारकर्ता) 2. श्रीमती कोमल मल्होत्रा पत्नी श्री छत्रपाल मल्होत्रा पता सी–18, गुलमोहर पार्क, राजेंद्र नगर, बरेली, यूपी – 243003 (प्रोपराईटर/ बंधककर्ता) 3. श्री महेंद्र पाल मल्होत्रा पुत्र श्री मदन लाल मल्होत्रा पता बी–52, शाहदाना कॉलोनी, बरेली, यूपी (गारंटर) 4. श्री छत्रपाल मल्होत्रा पुत्र श्री मदन लाल मल्होत्रा पता सी–18, गुलमोहर पार्क, राजेंद्र नगर, बरेली, यूपी – 243003 (गारंटर)।	अचल आवासीय सम्पत्ति जिसका क्षेत्रफल 194.81 वर्ग मीटर, खेत नंबर 48 मिन और खेत नंबर 49 मिन, मोहल्ला बन्नूवाल नगर, शेरपुर, परगना, तहसील और जिला–बरेली, जोकि श्रीमती कोमल मल्होत्रा पत्नी श्री छत्रपाल मल्होत्रा के नाम पर स्थित है, यह संपत्ति 23–01–2013 की सेल डीड (विक्रय विलेख) के तहत सब–रजिस्ट्रार–1, बरेली के कार्यालय में पंजीकृत है (विवरणः इंडेक्स नंबर 1, जिल्द नंबर 5490, पेज नं. 207 से 252, क्रमांक नंबर 1167, चौहद्दी: उत्तरः रीजनल कॉलेज की इमारत, पश्चिमः रीजनल कॉलेज का प्लॉट, पूर्वः 7 फीट चौड़ा निजी रास्ता और उसके बाद दूसरों का प्लॉट, दक्षिणः 30 फीट चौड़ा रास्ता।	20.10.2021 रू. 16,46,047.93/– + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 30.09.2021 से प्रभावी।	रू. 1,29,44,000/– रू. 12,94,400/– रू. 1,30,000/–
3.	शाखा: पीलीभीत। 1. मैसर्स आनंद प्रकाश कॉंट्रैक्टर, प्रोप. आनंद प्रकाश, उधारकर्ता, पता: गांव– सिमरिया गोसु पो– गिधारीपुर तहसील और जिला–पीलीभीत यू.पी 262001. 2. श्री आनंद प्रकाश पुत्र भूपाल सिंह (उधारकर्ता/ बंधककर्ता), पताः मोह–सुभाष नगर कॉलोनी, टीवी टॉवर के पास, तहसील और जिला–पीलीभीत यूपी 262001 3. श्री तेज बहादुर पुत्र श्याम चरण (गारंटर), पताः मोह–गोदावरी एस्टेट सिविल लाइन्स, तहसील और जिला–पीलीभीत यू.पी. 262001.	आवासीय सम्पत्ति का साम्यिक बंधक, जिसका क्षेत्रफल 126.61 वर्ग मीटर, मोहल्ला सुभाष नगर, टीवी टॉवर के पास, तहसील और जिला – पीलीभीत में स्थित है, जोकि आनंद प्रकाश पुत्र भूपाल सिंह के नाम से स्थित है। बही नंबर 1, जिल्द नंबर 1632, पेज नंबर 363 से 374, क्रमांक नंबर 4104, 21.05.2002 को सब–रजिस्ट्रार पीलीभीत के कार्यालय में पंजीकृत है। सेल डीड (विक्रय विलेख) के अनुसार चौहद्दी: पूर्वः विलासो देवी, पश्चिमः संजय कुमार, उत्तरः जिलेबी देवी, दक्षिणः रास्ता।	01.06.2018 रू. 7,67,982.50/– + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.06.2018 से प्रभावी।	रू. 28,00,000/– रू. 2,80,000/– रू. 10,000/–
4.	शाखा: पीलीभीत। 1. श्रीमती कुंती देवी पत्नी स्वर्गीय बांके लाल पताः मकान नंबर–24, गोदावरी स्टेट सिविल लाइन्स, तहसील और जिला–पीलीभीत यूपी 262001 (गारंटर) 2. श्री सुमित कुमार पुत्र स्वर्गीय बांके लाल पताः मकान नंबर– 24, गोदावरी स्टेट सिविल लाइन्स, तहसील और जिला–पीलीभीत यू.पी. 262001 3. श्री दिनेश पुत्र स्वर्गीय जगन नाथ (गारंटर) पताः मोह– गकान नंबर– 60, मोह– थान सिंह, तहसील और जिला–पीलीभीत उ.प्र. 262001.	आवासीय सम्पत्ति जिसका क्षेत्रफल 202.04 वर्ग मीटर, मोह–देश नगर चुंगी गोवावरी, राज्य, तहसील और जिला पीलीभीत में स्थित है, जोकि श्रीमती कुंती देवी पत्नी स्वर्गीय बांके लाल के नाम से है, बही नं. 1, जिल्द नं. 2053, पेज नं. 273 से 294, क्रमांक संख्या 10034, उप–पंजीयक पीलीभीत कार्यालय में दिनांक 12.12.2002 को पंजीकृत है। चौहद्दी: पूर्वः प्लॉट संख्या 25, पश्चिमः रास्ता निकास, उत्तरः रास्ता निकास, दक्षिणः प्लॉट संख्या 23.	21.01.2021 रू. 5,96,337.13/– + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.01.2021 से प्रभावी।	रू. 62,00,000/– रू. 6,20,000/– रू. 10,000/–
5.	शाखा: शाहगढ़। 1. मैसर्स आयमंक पीएमी फीड, प्रो. तस्लीम अहमद पुत्र मोहम्मद बाबू (उधारकर्ता) पताः ग्राम बाहनपुर तहसील बहेरी जिला बरेली 243201. 2. तस्लीम अहमद पुत्र मोहम्मद बाबू (प्रोपराईटर / बंधककर्ता) पताः मोहल्ला इस्लाम नगर बहेरी बरेली 243201. 3. कैसर पत्नी मोहम्मद बाबू (गारंटर) पताः मोहल्ला इस्लाम नगर बहेरी बरेली 243201. 4. तौकीर अहमद पत्नी मोहम्मद बाबू (गारंटर) पताः वार्ड नंबर 18 मोहल्ला इस्लाम नगर बहेरी बरेली 243201.	संपत्ति नं. 1. गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का विवरणः गाँव बहनपुर, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली में स्थित अचल संपत्ति, गाटा नंबर 12, क्षेत्रफल 316.91 वर्ग मीटर, यह संपत्ति 10–07–2019 की गिफ्ट डीड (उपहार विलेख) के जरिए है, जो सब रजिस्ट्रार बहेड़ी में बही नंबर 1, जिल्द 5171, पेज नंबर 1–34 पर दस्तावेज नंबर 5032, दिनांक 10.07.2019 के तहत पंजीकृत है। संपत्ति की चौहद्दी: इस प्रकार हैं: पूर्वः तालाब, पश्चिमः हर प्रसाद आदि का खेत, उत्तरः सतीश चंद्र का खेत, दक्षिणः 14 फीट चौड़ी सड़क। संपत्ति नं. 2 गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का विवरणः गाँव बहनपुर, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली में स्थित अचल संपत्ति, गाटा नंबर 12, क्षेत्रफल 679.848 वर्ग मीटर, संपत्ति 29.12.2021 की गिफ्ट डीड (उपहार विलेख) के जरिए है, जो सब रजिस्ट्रार बहेड़ी में बही नंबर 17, जिल्द 6122, पेज नंबर 327–362 पर दस्तावेज नंबर 11618, दिनांक 29.12.2021 के तहत पंजीकृत है। संपत्ति की चौहद्दी इस प्रकार हैं: पूर्वः तौकीर अहमद आदि का खेत, पश्चिमः 12 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः 14 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः इरफान अहमद आदि का खेत।	12.06.2025 रू. 25,95,189.50/– + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.06.2025 से प्रभावी। 16.06.2025 रू. 9,87,542.06/– + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.06.2025 से प्रभावी।	संपत्ति नं. 1 रू. 19,79,000/– रू. 1,97,900/– रू. 20,000/– संपत्ति नं. 2 रू. 37,42,000/– रू. 3,74,200/– रू. 38,000/–

प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर: जनकपुरी और शाहगढ़- श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा (7055005508)
प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर: पीलीभीत- श्री पुनीत कुमार (7055005562),

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया पंजाब एंड सिंध बैंक, सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट https://punjabandsind.bank.in एवं www.baanknet.in पर दिए गए लिंक को देखें
यह नोटिस नियम 8(6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के अंतर्गत उधारकर्ताओं और गारंटरों (एल/आरएस) को 30 दिनों का वैधानिक बिक्री नोटिस माना जाएगा।

स्थान: जनकपुरी/ पीलीभीत/ शाहगढ़ | दिनांक: 29.07.2026 | प्राधिकृत अधिकारी पंजाब एण्ड सिंध बैंक

डायवर्जन के चलते सप्ताह में तीन दिन देना होगा ज्यादा किराया

बरेली। कांवड़ यात्रा के दौरान 30 जुलाई से 29 अगस्त तक सप्ताह में तीन दिन (शुक्रवार रात 12 से सोमवार रात 12 बजे तक) रूट डायवर्जन प्लान जारी होने के बाद रोडवेज ने भी इस अवधि में किराया बढ़ा दिया है। बुधवार को किराया वृद्धि सूची भी जारी कर गई। बरेली से बदायूं, कासगंज, मथुरा, आगरा जाने वाले यात्रियों रूट डायवर्जन के दौरान ज्यादा किराया देना होगा। बरेली-देहरादून बीच भी किराया 88 रुपये तक बढ़ जाएगा।

बदायूं रूट की बसों का संचालन सेटेलाइट, फरीदपुर, फतेहग पूर्वी, दातागंज, पापड़, हमजापुर, मूसाझाग और फतेहगंज पूर्वी बेलाडांडी के अलावा वाया आंवला होते हुए किया जाएगा। आग मथुरा रूट की बसों का संचालन बदायूं से कादरचौक होते हुए कि जाएगा। बदायूं के एक रूट पर किराया 22 रुपये और दूसरे पर रुपये तक बढ़ जाएगा। बरेली-आगरा के बीच किराया 17 रुप बरेली-मथुरा के बीच किराया 63 रुपये तक बढ़ जाएगा। क्षेत्र प्रबंधक मोहम्मद अजीम ने बताया कि बढ़ा हुआ किराया केव डायवर्जन के दौरान लागू रहेगा। संवाद

वर्तमान स्थिति

रूट	किलोमीटर	किरा
बरेली-आगरा	233	318 रु
बरेली-बदायूं	53	75 रुप
बरेली-मथुरा	225	308 रु
बरेली-देहरादून	327	528 रु

डायवर्जन के दौरान किराया

रूट	किलोमीटर	किराया
बरेली-आगरा वाया कादरचौक	246	225 रुपये
बरेली-बदायूं वाया आंवला	70	97 रुपये
बरेली-बदायूं वाया बेलाडांडी	105	161 रुपये
बरेली-मथुरा वाया कादरगंज	274	371 रुपये
बरेली-देहरादून वाया काशीपुर	378	616 रुपये

मुख्य सचिव और डीजीपी आज परखेंगे कांवड़ यात्रा की तैयारिय

बरेली। प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल व डीजीपी राजीव कृ बृहस्पतिवार को जिले में होंगे। इस दौरान वह सर्किट हाउस में बरे व मुरादाबाद मंडल में सावन व कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संब में दोपहर 11 से दो बजे तक समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें इन दो मंडलों के नौ जनपदों के अधिकारी शामिल होंगे। इसको लेक बुधवार को दिनभर प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से तैयारियां जाती रहीं।

बैठक में बरेली व मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर, एडीजी, आईज डीआईजी सहित बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबा अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, संभल जिलों के डीएम व कप्तान शामि होंगे। बुधवार को एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट राजेश वर्मा व एसडीएम सदर इशिता किशोर ने सर्किट हाउ पहुंचकर नए सभागार का जायजा लिया।

मंच संयोजन पर मंथन किया और अति विशिष्ट कक्ष को देखा। उसमें रखे दो सिंगल सोफे को एक साथ करने के लिए का सर्किट हाउस के पुराने भवन में लंच की व्यवस्था रहेगी। इसके लि जिले के नामचीन रेस्टोरेंट के खानसामे को भोजन बनाने का आदे दिया गया है। जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा व सावन की तैयारि के लिए बुकलेट तैयार कर लिया है। इसे दोनों अधिकारियों के साम प्रस्तुत किया जाएगा। पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन भी दिया जाएगा। ब्यू

- **एक दिन पहले पहुंचे स्टॉफ ऑफिसर :** मुख्य सचिव एसपी गोयल व डीजीपी राजीव कृष्ण के स्टॉफ ऑफिसर बुधवार को ही जि में पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक के बिंदुओं के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी। मुख्य सचिव व डीजीपी सरकारी प्लेन करीब 10:30 बजे बरेली सिविल एन्क्लेव पर पहुंचेंगे। यहां से कार सर्किट हाउस पहुंचेंगे। उनको रिसीव करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह व एसएसपी आरुण आर्य मौजूद रहेंगे।

मुख्य सचिव व डीजीपी की ओर से सर्किट हाउस में कांवड़ या को लेकर समीक्षा बैठक की जानी है। इसकी तैयारियां की जा चुकी है। इसमें बरेली व मुरादाबाद मंडल के अधिकारी व जिले डीएम व एसएसपी हिस्सा लेंगे। - **अविनाश त्रिपाठी,** एडीएम सि

Scanned with OKEN Scanner